BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

Wishing you a Happy New Year 2020

SAMVAD

दिल्ली में बिजली की मांग का प्रबंधन करने के लिए बीएसईएस कर रही है एआई व महीन लर्निंग का उपयोग



सर्दियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 4700 मेगावॉट उससे अधिक जा सकती है। पिछले साल इस सीजन में यह मांग 4472 मेगावॉट पहुंची थी। पिछली सर्दियों में बीआरपीएल इलाके में पीक डिमांग 1926 मेगवॉट थी, जो इस साल सर्दियों में बढ़कर 2020 मेगावॉट पहुंच सकती है। किसी भी सीजन में बिजली की विश्वसनीय आपूर्ति न सिर्फ बिजली की उचित व्यवस्था पर निर्भर करती है, बल्कि बिजली की मांग के सही आकलन तथा मजबूत वितरण नेटवर्क पर भी निर्भर करती है। इन सभी बिंदुओं पर, बीएसईस सर्दियों में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए पूरी तरह से तैयार है।

बिजली की मांग का सटीक अनुमान लगाने के लिए अन्य बिंदुओं के अलावा, तापमान, बारिष, बादल, हवा की स्पीड, हवा की दिशा और उमस की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां तक कि छुट्टियों और छोटे–मोटे व्यवधानों का भी बिजली की मांग पर असर पड़ता है। बिजली की मांग व आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बीएसईएस अत्याधुनिक फोरकास्टिंग मॉडल्स, मौसम का अनुमान लगाने वाले सॉल्यूशंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और मशीन लर्निंग का भी उपयोग करती है।

डीजी सेट का इस्तेमाल न करें, बीएसईएस से बिजली का अस्थायी कनेक्शन लें

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए, ईपीसीए यानी एनवायर्नमेंट पॉल्यूशन कंट्रोल अथॉरिटी ने दिल्ली में डीजल जेनरेटरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। लेकिन, बीएसईएस उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप विभिन्न कार्यक्रमों/ शादियों/ धार्मिक आयोजनों/ ई–रिक्शा चार्जिंग और अन्य उद्देश्यों के लिए बिजली का परेशानीमुक्त, अस्थायी कनेक्शन ले सकते हैं। यह सस्ता है, सुरक्षित है, शोरमुक्त है और प्रदूषण।

बिजली के तत्काल कनेक्शन के लिए:

- कॉल करें: 19123 / 39999707
- बीआरपीएल के निकटतम डिविजन ऑफिस में विजिट करें
- बीएसईएस वेबसाइट/मोबाइल ऐप पर आवेदन व भुगतान करें

** *नियम व शर्तें लागू*

बीआरपीएल की तीन पहल को मिला आईपीपीएआई अवॉर्ड्स

बीएसईएस की पहल और कदमों को न सिर्फ सराहा जा रहा है, बल्कि वे इंडस्ट्री के लिए बेंचमार्क भी सेट कर रहे हैं। हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित आईपीपीएआई पावर अवॉर्ड्स 2019 में, बीआपीएल की तीन पहल को सराहा गया और प्रख्यात ज्यूरी द्वारा उसे पुरस्कृत भी किया गया। बीआरपीएल को बेस्ट कंपनी– इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशंस, डिजी सेवा केंद्र और निपूर्णा–हुनर विकास की अद्भुत पहल के लिए पुरस्कृत किया गया है।

वित्त वर्ष 2021-22 तक बीएसईएस के बिजली पोर्टफोलियो में होगी 27 प्रतिशत हरित ऊर्जा

बीएसईएस डिस्कॉम्स दिल्ली में अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि उपभोक्ताओं पर इसका कम–से–कम बोझ पड़े। अक्षय ऊर्जा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, बीएसईएस डिस्कॉम्स लंबी अवधि के लिए पावर परचेज अग्रीमेंट्स साइन किए हैं। इसके तहत प्रतियोगितात्मक दरों पर करीब 1700 मेगावॉट हरित ऊर्जा की व्यवस्था की जाएगी। इससे वित वर्ष 2021–22 तक बीएसईएस के पावर पोर्टफोलियो में करीब 27 प्रतिशत हिस्सा यानी 1700 मेगावॉट ग्रीन पावर हो जाएगा।

इनके अलावा, बीएसईस ने 1800 से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस को एनर्जाइज किया है, जिसकी क्षमता करीब 65 मेगावॉट है। बीएसईएस सोलर सिटी जैसी पहल के साथ उपरोक्त व्यवस्थाएं टिकाऊ विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

मोबाइल ऐप और वॉट्सऐप नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

App Store

टॉल फ्री 24x7
19123

वॉट्सऐप
डुप्लिकेट बिल के लिए
(Type #Bill 9 digit CA No & send to 9999919123)

वॉट्सऐप
बिजली गुल की शिकायत करें
(Type #NC 9 digit CA No & send to 9999919123)

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नयी दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 011 399-99-707/19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI
संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।